# 185 इकाइयों में 85 में प्रोडक्शन की शुरुआत

अच्छी खबर

झांसी,संवाददाता। इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित करने की योगी सरकार की कोशिशों का असर दिखाई देने लगा है। झांसी जिले में एमओयू करने वाली इकाइयों में से 85 इकाइयों ने कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत कर दी है। इन इकाइयों में प्रोडक्शन की शुरुआत होने से 8482 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

आने वाले समय में कमर्शियल प्रोडक्शन की इकाइयों की संख्या बढ़ने पर रोजगार के अवसरों की संख्या में भी काफी इजाफा होगा। इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि अधिक से अधिक इकाइयों में कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत कराई जाए। झांसी जिले में इन्वेस्टर समिट के माध्यम से 348 एमओयू किए गए हैं। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरिमनी के लिए जनपद झांसी की 185 इकाइयों को शॉर्टलिस्ट किया है। इनमें से 85 इकाइयों में कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत हो चुकी है और इनके माध्यम से रोजगार सृजन किया जा रहा है। जिले में एमओयू हस्ताक्षरित सभी इकाइयों के माध्यम से 173000 रोजगार के अवसर सृजित किए जाने का अनुमान है। शॉर्टलिस्ट की गई सभी इकाइयों में कमर्शियल प्रोडक्शन जल्द शुरू किए जाने की कवायद चल रही है।



**348** एमओयू किए गए थे जिले में इन्वेस्टर समिट के माध्यम से

- 348 एमओयू में से जीबीसी के लिए 185 इकाइयों को शार्ट लिस्ट किया

"झांसी में अब तक 85 इकाइयों द्वारा कॉमर्शियल प्रोडक्शन शुरू किया जा चुका है। इनके माध्यम से रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। निवेशकों के सामने आ रही समस्याओं को दूर करते हुए जीबीसी रेडी 177 इकाईयों में जल्द से जल्द प्रोडक्शन शुरुआत किए जाने की कोशिश चल रही है।" –**जुनैद अहमद** मुख्य विकास अधिकारी झांसी

## बन रही है बालू

बालू का खनन खूब होता है लेकिन अब कुछ कंपनी बालू को भी बना रहे है। जिसका काम शुरू हो चुका है। इसमें बलुआ पत्थर आदि को जोक मुलायम होते है उन्हें पीसकर बालू बनाई जाती है। इसके अलावा कन्सट्रक्शन के काम भी शुरू हो चुका है।

## वाटर स्पोर्ट का मजा

टूरिज्म को बढ़ाने के लिए बरुआसागर में वाटर स्पोर्टस भी शुरू हो चुका है। इसका उद्देश्य है कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और इसे इकाई के रूप में भी स्थापित कर दिया गया है। पर्यटन में अन्य कार्य को भी लिया गया है। फूड प्रोसेसिंग की इकाई भी लगाई गई है।